**हादसा** — कान्हा मार्ग पर शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में कार जलकर खाक, कर्मचारियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

# चिंगारी बनी आग का शोला, लोहे के ढांचे में तब्दील हो गई कार

**कान्हा/टाटरी, नवभारत।** जिले के कान्हा नेशनल पार्क मार्ग पर स्थित लमना गांव के पास एक पेट्रोल पंप परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां खड़ी एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि पूरी कार जलकर खाक हो गई। हालांकि, पेट्रोल पंप कर्मचारियों की त्वरित सूझबूझ और तत्परता के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार पेट्रोल पंप परिसर में खड़ी थी, इसी दौरान अचानक उसमें शॉर्ट सर्किट के कारण चिंगारी निकली और आग भड़क उठी। कुछ ही पलों में लपटों ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। राहत की बात



यह रही कि जिस समय आग लगी, उस वक्त कार पेट्रोल नोजल से कुछ दूरी पर स्थित थी, अन्यथा पेट्रोल टैंकों तक आग पहुँचने से भयावह स्थिति निर्मित हो सकती थी।

### अग्निशमन यंत्रों से पाया काबू

आग की लपटें उठते ही परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पंप पर तैनात कर्मचारियों ने बिना समय गंवाए साहस दिखाया और वहां उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों का उपयोग शुरू किया। कर्मचारियों की सक्रियता के कारण आग को पेट्रोल भंडारण क्षेत्र तक पहुंचने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया।

### किसी के हताहत होने की खबर नहीं

आग इतनी तेज थी कि जब तक उस पर पूरी तरह काबू पाया गया, कार पूरी तरह लोहे के ढांचे में तब्दील हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा तैयार कर जांच शुरू की। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और कार के अंदर मौजूद लोग समय रहते बाहर निकल आए थे। प्रशासन और स्थानीय लोगों ने पेट्रोल पंप कर्मियों के साहस की सराहना की है, जिनकी सतर्कता ने एक बड़े संभावित हादसे को सफलतापूर्वक टाल दिया।



# बच्चों को जल-जंगल, जमीन की दी जानकारी

**जमठार में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन**

**प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत**

**बीजाडांडी।** मध्यप्रदेश इको टूरिज्म बोर्ड एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वनमंडल पश्चिम अंतर्गत वनपरिक्षेत्र बरेला द्वारा अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन जमठार में किया। जिसमें शासकीय माध्यमिक शाला मानिकसरा हाई स्कूल जमठार एवं उच्चतर माध्यमिक शाला जमठार के 127 बच्चों के साथ मास्टर ट्रेनर सीएम शर्मा व वन परिक्षेत्र बरेला का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत प्रकृति पथ भ्रमण में मृदा संरक्षण वन्य जीवों की पहचान व उनका महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए बच्चों को जनप्रतिनिधियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल ऑफिसर ललित चतुर्वेदी, बीजाडांडी सरपंच मानिकसरा अंबिका मरकाम एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुसवा उद्दे एवं परिक्षेत्र बरेला का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।




# बुढ़नेर और सिद्धबाबा झरने पर किया बोरी बंधान

**घुघरी में सीएमसीएलडीपी के छात्रों और नवांकुर संस्था ने श्रमदान कर रोकी जलधारा**

**घुघरी।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड घुघरी में व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम और बोरी बंधान कार्य संपन्न किया गया। यह आयोजन परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी के मार्गदर्शन और विकासखंड समन्वयक नेमलाल धुर्वे के कुशल नेतृत्व में आयोजित हुआ। प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण अभियान के तहत घुघरी स्थित प्रसिद्ध सिद्धबाबा आश्रम के प्राकृतिक झरने और बुढ़नेर नदी के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहाँ उपस्थित प्रतिभागियों ने नदी तट और झरने के समीप जमा कचरे की सफाई की और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इसके बाद जल स्तर को बनाए रखने और पानी को सहेजने के उद्देश्य से बुढ़नेर नदी की जलधारा पर बोरी बंधान का कार्य किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं, नवांकुर संस्था मेकल वैली एजुकेशन सोसाइटी घुघरी के सदस्यों सहित एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के छात्र, छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने श्रमदान कर जल संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और ग्रामीणों को भी जल सहेजने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड समन्वयक ने बताया कि बोरी बंधान जैसे छोटे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के पीने के पानी और निस्तार के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं।

# देवरी में भक्तिमय माहौल में नौ दिवसीय भागवत कथा का समापन

**भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, लाड़ली बहना महिला मंडल की अनूठी पहल**

**नारायणगंज।** विकासखंड के ग्राम देवरी में पिछले नौ दिनों से बह रही भक्ति की अविरल धारा का भव्य समापन हुआ। यहां लाड़ली बहना महिला मंडल के विशेष सहयोग और समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ ने क्षेत्र के वातावरण को पूरी तरह आध्यात्मिक बना दिया।

कथा व्यास पंडित कृष्णगोपाल पाण्डेय ने अपनी ओजस्वी और अमृतमयी वाणी से प्रभु श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों का सजीव वर्णन किया। नौ दिनों तक चली इस ज्ञान गंगा में उन्होंने भगवान के बाल्यकाल, माखन चोरी, गोवर्धन लीला और रुक्मणी विवाह जैसे प्रसंगों को





विस्तार से सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन दिवस पर कथा व्यास पंडित कृष्णगोपाल पाण्डेय ने भागवत महापुराण के सार को समझाते हुए भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

**महिला मंडल और ग्रामीणों का विशेष योगदान**-इस धार्मिक आयोजन की विशेषता लाड़ली बहना महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी रही। प्रतिदिन आयोजित होने वाले भजनों और मनमोहक झांकियों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। नौ दिनों तक देवरी ग्राम में भक्ति का ऐसा संगम रहा कि आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता यहाँ पहुँची।

**पूर्णाहुति के साथ हुआ भंडारा**-श्रीमद् भागवत महापुराण के समापन पर विधि-विधान के साथ हवन-पूजन और कन्या पूजन किया गया। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। लाड़ली बहना महिला मंडल एवं समस्त देवरी वासियों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।

# ब्रदर्स इलेवन ने जीता सिकोसी क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**युवा क्रिकेट क्लब सिकोसी की प्रतियोगिता संपन्न**

**नारायणगंज।** युवा क्रिकेट क्लब सिकोसी के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। विगत एक माह से चल रही इस प्रतियोगिता में जिले की लगभग 40 टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में ब्रदर्स इलेवन टिकरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान टीम सिकोसी को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल ब्रदर्स इलेवन टिकरिया और जमुनिया के बीच खेला गया, जबकि दूसरा सेमीफाइनल सिकोसी और बासिनटोला के बीच हुआ। कड़े मुकाबलों के बाद टिकरिया और सिकोसी की टीमें फाइनल में पहुँचीं, जहाँ टिकरिया ने खिताबी जीत दर्ज की। युवा क्रिकेट क्लब के संयोजक गौरीशंकर वरकड़े ने बताया कि यह प्रतियोगिता उनके



पिता स्व. पंसारी लाल वरकड़े की स्मृति में आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान करना है जिससे वे अपनी प्रतिभा निखारकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।

**अतिथियों ने बढ़ाया उत्साह**-कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी दुर्गेश सिंगरोरे लोधी, वरिष्ठ समाजसेवी मगन लाल सोनी और रघुनंदन विश्वकर्मा उपस्थित रहे। दुर्गेश सिंगरोरे लोधी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी वर्ष के लिए समिति के समक्ष नो एंट्री-नो फीस वाली प्रतियोगिता का प्रस्ताव रखा, जिससे निर्धन मेधावी खिलाड़ियों को भी मौका मिल सके। मगन लाल सोनी एवं रघुनंदन विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेल भावना की सराहना की।

**टीमों को किया पुरस्कार का वितरण**-प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों को अतिथियों द्वारा नगद राशि और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजुल, छत्रपाल मरावी, हेमचंद मरावी, विनोद मरावी, पीतम मार्को, उपसरपंच चन्दन उइके, भूतपूर्व सरपंच सुखखन उइके, अकुंर दास पड़वार, सुरेश परते, लखन मार्को सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बांटे 30 हेलमेट सुरक्षा का दिया संदेश

**निवास।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जन-जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें यातायात नियमों के पालन और नशा मुक्ति पर जोर दिया गया। चौकी मनेरी के अंतर्गत मेढी क्षेत्र में स्थित मेगा पाइप फैक्ट्री में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी शशांक शुक्ला और पुलिस स्टाफ ने फैक्ट्री के लगभग 60 से 70 कर्मचारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है। कर्मचारियों को शराब पीकर वाहन न चलाने और हर प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

# कृषि रथ को दिखाई हरी झंडी,योजनाओं की दी जानकारी

**नारायणगंज में राज्य स्तरीय किसान समागम का लाइव प्रसारण**

**नारायणगंज।** कृषि विभाग नारायणगंज द्वारा कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत एक विशाल विभागीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष आशाराम भारतीय, कृषि स्थाई समिति के सभापति धरमसिंह वरकड़े और पूर्व जिला अध्यक्ष रतन ठाकुर की उपस्थिति में कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ विकासखंड के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर किसानों को शासन की योजनाओं और उन्नत तकनीकों के प्रति जागरूक करेगा।

कार्यक्रम के दौरान भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय शुभारंभ समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों की ट्रैक्टर रैली को फ्लैग ऑफ करते हुए देखा और उनके



उस संदेश को सुना, जिसमें खेती को लाभकारी, तकनीक आधारित और आधुनिक बनाने पर जोर दिया गया है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती प्रीति लोवंशी ने बताया कि कृषक कल्याण वर्ष-2026 के केंद्र में उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस वर्ष का मुख्य लक्ष्य कृषि को केवल जीवनयापन का साधन न रखकर, इसे एक स्थायी रोजगार मॉडल के रूप में विकसित करना है। इसके लिए क्लस्टर आधारित विकास, प्राकृतिक खेती और डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**युवाओं के लिए नए अवसर**-योजना के तहत एग्री-टेक, ड्रोन सेवा, एफपीओ प्रबंधन और हाइड्रोपोनिक्स जैसे आधुनिक क्षेत्रों में ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ने की रणनीति तैयार की गई है। कार्यक्रम में मौजूद सहायक संचालक कृषि श्रीमती नेहा डहरवाल एवं अन्य अधिकारियों ने किसानों से वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की अपील की। इस आयोजन में कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती रेखा परस्ते, हरिओम झारिया सहित बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे खेती की नई दिशा तय करने वाला कदम बताया।



# शुकदेव ने बताया गृहस्थ धर्म का महत्व


**बरबटी में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब**

**बबलिया।** ग्राम बरबटी में आयोजित देवी महापुराण के पांचवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्म लाभ लिया। सुप्रसिद्ध वाचक पंडित आचार्य लेखराम शास्त्री कस्तूरी द्वारा संगीतमय शैली में देवी की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। पंचम दिवस की कथा में आचार्य जी ने महर्षि वेदव्यास और उनके पुत्र शुकदेव के बीच हुए ज्ञानवर्धक संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि शुकदेव जी ने गृहस्थ जीवन की व्याख्या करते हुए उसे मर्यादाओं की जंजीर बताया है। शास्त्री जी ने शास्त्रोक्त जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य को जीवन के प्रथम 25 वर्षों तक ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए कठिन विद्या अध्ययन करना चाहिए। 25 से 50 वर्ष की आयु तक परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। 50 वर्ष के बाद वानप्रस्थ और 75 वर्ष की आयु के बाद पूर्णत: ईश्वर की भक्ति यानी संन्यास मार्ग को अपनाना चाहिए।

भक्तिमय माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत नारायणगंज के अध्यक्ष आशाराम भारतीया, ग्राम सरपंच भगतसिंह कुशरे एवं सुनवासिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने व्यास पीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान पूरा बरबटी ग्राम देवी के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

# सामूहिक सूर्य नमस्कार और भव्य झांकी के साथ मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**स्वामी विवेकानंद के विचारों से गूंजा बिछिया, शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने निकाली शोभायात्रा**






**भुआ बिछिया।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों, आचार्य परिवार और अतिथियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योगासन किया। मुख्य वक्ता जिला सचिव किशोरी लाल साहू ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी ने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और निस्वार्थ सेवा भाव का संदेश दिया था, जो आज भी प्रासंगिक है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्वामी विवेकानंद, भारत माता और भगिनी निवेदिता की सजीव झांकी रही। घोष की सुमधुर ध्वनि के साथ यह संचालन पूरे नगर में भ्रमण पर निकला, जिसका नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान जग मंडल बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू द्वारा विद्यार्थियों को चॉकलेट वितरित की गई।

कार्यक्रम में जग मंडल बाल कल्याण समिति के व्यवस्थापक आरआर परस्ते, सह-व्यवस्थापक अरुण मिश्रा, सदस्य सुमित रजक, पूर्व छात्र सोनल अग्रवाल और प्राचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र सहित समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा। विद्यालय परिसर में शोभायात्रा के सफल समापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## केहरपुर हाई स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर किया सूर्य नमस्कार

**बम्हनी बंजर।** ग्राम पंचायत केहरपुर स्थित एकीकृत शासकीय हाई स्कूल परिसर में 12 जनवरी को महान विचारक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार, योग अभ्यास और वृक्षारोपण के साथ विविध कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों और ग्रामीणों को राष्ट्र सेवा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात :काल सामूहिक सूर्य नमस्कार से हुआ। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बावजूद छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। सभी प्रतिभागियों ने पूर्ण अनुशासन के साथ विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया और योग को अपनी जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।





**विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आह्वान**-समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच सतवंत सिंह उलारी, पूर्व उपसरपंच अनिल त्रिवेदी एवं विद्यालय के प्राचार्य धनीराम मरावी ने स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में स्वामी जी के जीवन दर्शन और राष्ट्र प्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने छात्रों को आत्मनिर्भर और चरित्रवान बनने की प्रेरणा दी।

**विद्यालय परिसर में किया पौधा रोपण**-पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सरपंच और प्राचार्य द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान एक सराहनीय निर्णय भी लिया गया कि आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर पंचायत के सभी प्रतिनिधि और कर्मचारी खेल मैदान में अपने नाम से एक-एक पौधा लगाएंगे और उनके संरक्षण की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेंगे। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सतवंत सिंह उलारी, पूर्व उपसरपंच अनिल त्रिवेदी, प्रतीक, प्राचार्य धनीराम मरावी, समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।